Girls' Parliament Urges Students to Follow Social Distancing Norms in School

गर्ल्स पार्लियामेंट ने छात्राओं से किया आह्वान

स्कूल में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने का संकल्प

अर्जुन भूमि समाचार

किच्छा। नगर स्थित राजकीय बालिका इंटर कालेज में गर्ल्स पार्लियामेंट की फरवरी माह की संपन्न हुई। बैठक में तमाम मुद्दों पर चर्चा की गई।

इस दौरान छात्राओं ने कक्षाओं के संचालन प्रारंभ होने से विद्यालय में होने वाली भीड़ के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने तथा साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने का संकल्प लिया। गर्ल्स पार्लियामेंट की पदाधिकारियों ने छात्राओं के स्वास्थ्य के तापमान की जांच की तथा सैनिटाइजर से हाथ साफ कराने का कार्य कर सभी छात्राओं से करोना के नियमों का

पालन करने का आह्वान किया। पदाधिकारी छात्राओं ने सभी छात्राओं से मास्क का उपयोग तथा सामाजिक दूरी का पालन करने के निर्देश जारी कर बिना मास्क विद्यालय में आने वाली छात्राओं पर आर्थिक दंड निर्धारित कर शुल्क वसूल किया। इस मौके पर गर्ल्स पार्लियामेंट के पदाधिकारियों ने कहा कि विद्यालय में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पदाधिकारियों द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक का आयोजन ईजीजी संस्था की एरिया कोऑर्डिनेटर सीमा गौनियाल एवं गर्ल्स पार्लियामेंट प्रभारी डॉ वीणा पाठक के दिशा निर्देशन में छात्रा प्रधानमंत्री कुमारी हेमा द्वारा सफल रुप से किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ सुनीता यादव, स्वास्थ्य मंत्री इलमा, स्वास्थ्य मंत्री हिमानी मौर्य, कुमकुम गंगवार, कविशा, आसमा, अरीशा आदि मौजूद थे।